पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़
सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर 492002
ई-मेल-lgcafphq.2011@gmail.com फोन नं. 0771-2434959, फैक्स नं. 0771-2434009

क्रमांक-पु.मु./अ.म.नि./छ.स.बल मुख्या./सेक्शन-3(भर्ती)/ I – 1012 /23, दिनांक : 06/10/2023

विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन गृह (पुलिस) विभाग के द्वारा पत्र क्रमांक एफ 2-04/2023/दो-गृह/रापुसे नवा रायपुर, दिनांक 21.08.2023 के माध्यम से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल अन्तर्गत **आरक्षक (बैण्ड)** के कुल-03 (तकनीकी पद) रिक्त पदों को भरने की सहमति प्रदान की गई है। उक्त पत्र के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की वाहिनियों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों के इच्छुक, पात्र **पुरूष** उम्मीदवारों से छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाइट **www.cgpolice.gov.in** पर दिनांक **20/10/2023** से ऑनलाईन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

1	ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि	20/10/2023 (शुक्रवार)
2	ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरकर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भरने की अंतिम तिथि	30/11/2023 (गुरूवार) रात्रि 11.59 तक
3	परीक्षा शुल्क	अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग - रू. 200/- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति - रू. 125/-

(1) रिक्त पदों की संख्या :-

स.क्र.	पदनाम	रिक्त पद	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अ.पि.व. (गैर-क्रीमीलेयर)	योग	वेतनमान
1.	आरक्षक (बैण्ड)	3	1	0	1	1	3	वेतन मैट्रिक्स लेवल-4

(2) आरक्षण :- विज्ञापित पदों में शासन के निर्देशानुसार पात्र भूतपूर्व सैनिकों के लिये 10 %, पात्र नगर सैनिकों के लिये 25 % समस्तर एवं प्रभागवार आरक्षण होगा।

(3) भर्ती केन्द्र :- आवेदन-पत्रों एवं दस्तावेजों की छानबीन, शारीरिक नापजोख **(P.S.T.)**, शारीरिक दक्षता परीक्षा **(P.E.T.)**, ट्रेड टेस्ट **(Trade Test)**, 15 किलोमीटर की दौड़/चाल **(15 K.M. Run/Walk)** हेतु **-प्रथम वाहिनी छ.स.बल, भिलाई, जिला-दुर्ग**

(4) वेतनमान :- आरक्षक (बैण्ड) :- वेतन मैट्रिक्स लेवल-4 (प्रारंभिक वेतन रू. 19,500/-) तथा शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत देय भत्ते।

(5) आयु सीमा अभ्यर्थी की आयु दिनाँक 1-1-2023 को आधार मानकर अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 वर्ष से कम एवं 28 वर्ष से अधिक न हो। यदि अभ्यर्थी आरक्षित प्रवर्ग (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग) का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिक से अधिक 5 वर्ष तक शिथिल की जावेगी। इसके अतिरिक्त भूतपूर्व सैनिक/अ.जा., अ.ज.जा. एवं अ.पि.व. कल्याण विभाग के अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अधीन पुरस्कृत संवर्ण दंपत्ति (पुरूष)/खेल नीति अंतर्गत जारी

परिपत्र अनुसार/छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मंडल के कर्मचारी/शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, गुण्डाधुर सम्मान तथा महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अभ्यर्थी/स्वयंसेवी नगर-सैनिक को भर्ती नियम में एवं शासन द्वारा आयु हेतु प्रावधानित छूट/शिथिलीकरण का लाभ देय होगा।

(6) शैक्षणिक अर्हता **आरक्षक (बैण्ड) :-**

- (10+2) प्रणाली के अंतर्गत 10वीं कक्षा अथवा हायर सेकेण्डरी अथवा समकक्ष परीक्षा छत्तीसगढ़ में स्थित विद्यालय से उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा (केवल अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होने पर भी पात्र होंगे), नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सल पीड़ित परिवार तथा राहत शिविरों में निवासरत परिवार से संबंधित सभी श्रेणियों के अभ्यर्थी, जो 5वीं कक्षा उत्तीर्ण हों, भी पात्र होंगे।
- अभ्यर्थी को म्यूजिक नोटेशन के आधार पर वाद्ययन्त्र बजाना आना चाहिए।
- सेना या अन्य केन्द्रीय पुलिस बल के कर्मचारियों को, जिन्हें बैण्ड वाद्ययन्त्र के वजाने में दक्षता प्राप्त हो, उन्हें विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

नोटः- **अभ्यर्थी के पास उपर्युक्त आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं तथा अनुभव का "प्रमाण-पत्र" ऑनलाइन आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक धारित करना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद की तिथि को जारी की गई प्रमाण-पत्र मान्य नहीं किया जाएगा।**

(7) चयन प्रक्रिया :- आरक्षक (बैण्ड) - चयन प्रक्रिया विभिन्न चरणों में संपादित की जावेगी, जिसमें आवेदन-पत्रों एवं दस्तोवेजों की जांच, शारीरिक नापजोख, शारीरिक दक्षता परीक्षा (100 मी. दौड़, 1500 मी. दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, पीठ पर 25 कि.ग्रा. वजन रखकर 100 मी. दौड़)-100 अंक, ट्रेड टेस्ट {म्यूजिक नोटेशन के आधार पर विविध वाद्ययन्त्र बजाने संबंधी ट्रेड टेस्ट-100 अंक}, 15 किलोमीटर की दौड़/चाल के होंगे।

(8) परिवीक्षा अवधि :- चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा पर की जाएगी।

(9) अन्य :- तृतीय लिंग वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा अपने आवेदन में पुरूष विकल्प भरे जाने की स्थिति में पुरूष अभ्यर्थियों के निर्धारित शारीरिक मापदण्ड/शारीरिक दक्षता परीक्षा संबंधी प्रावधान लागू होंगे।

भर्ती प्रक्रिया से संबंधित विज्ञापन की विस्तृत जानकारी पुलिस विभाग के वेबसाईट **www.cgpolice.gov.in** में देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

06/10/2023

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक,
छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल
हेतु-पुलिस महानिदेशक